राजस्थान सरकार

निदेशालय कोष एवं लेखा, राजस्थान जयपुर

क्रमांकः– एफ.2 (क) (G–326) अलेसे–I/ 1769–77 दिनांकः– 09-01-24

## आदेश

विभागीय आदेश संख्या 49/2023–24 दिनांक 20.09.2023 के द्वारा श्री गोपाल तेली, सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–I का स्थानान्तरण कार्यालय उपकोषाधिकारी, धरियावाद (प्रतापगढ़) से कार्यालय अधिशाषी अभियंता, खण्ड सार्वजनिक निर्माण विभाग, धरियावाद (प्रतापगढ़) में खण्डीय लेखाकार के पद पर किया गया था, जिसके क्रम में श्री तेली द्वारा दिनांक 22.09.2023 को कार्यालय अधिशाषी अभियंता, खण्ड सार्वजनिक निर्माण विभाग, धरियावाद (प्रतापगढ़) में कार्यग्रहण किया गया, किन्तु उक्त कार्यालय में पूर्व से पदस्थापित श्री शुभम जैमिनी, सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–II द्वारा उक्त स्थानान्तरण आदेश के विरुद्ध माननीय सिविल सेवा अपील अधिकरण, जयपुर से स्थगन आदेश प्राप्त कर लिये जाने के कारण कार्यालय अधिशाषी अभियंता, खण्ड सार्वजनिक निर्माण विभाग, धरियावाद (प्रतापगढ़) ने उनके आदेश क्रमांक 1235–1240 दिनांक 06.10.2023 के द्वारा श्री तेली को इस निदेशालय में उपस्थिति देने हेतु कार्यमुक्त कर भिजवा दिया, जिसके फलस्वरूप श्री तेली ने दिनांक 09.10.2023 को इस निदेशालय में अपनी उपस्थिति प्रस्तुत की तथा इस निदेशालय के आदेश संख्या 62/2023–24 दिनांक 06.12.2023 द्वारा श्री तेली का पदस्थापन कार्यालय अधिशाषी अभियंता, जल संसाधन, खण्ड प्रतापगढ़ में कर दिया गया है। इस प्रकार श्री तेली दिनांक 22.09.2023 से 06.10.2023 तक कार्यालय अधिशाषी अभियंता, खण्ड सार्वजनिक निर्माण विभाग, धरियावाद (प्रतापगढ़) में उपस्थित रहे हैं तथा इनकी उक्त अवधि का वेतन आहरण नहीं हो सका है।

अतः श्री गोपाल तेली, सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–I के निम्न कॉलम संख्या 5 में अंकित अवधि के बकाया वेतन का भुगतान कॉलम संख्या 04 में अंकित कार्यालय में रिक्त रहे सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–I के पद से आहरण की स्वीकृति एतद् द्वारा प्रदान की जाती है:–

| क्र. सं. | लिंक नं. | नाम/पदनाम | विभाग/कार्यालय जहां से वेतन भुगतान किया जाना है | अवधि/माह जिसका वेतन भुगतान किया जाना है |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1. | 9408 | श्री गोपाल तेली, सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–I | उपकोषालय, धरियावाद (प्रतापगढ़) | दिनांक 22.09.2023 से 06.10.2023 तक (दिनांक 07.10.2023 एवं 08.10.2023 शनिवार एवं रविवार को सम्मिलित करते हुए) |

(भूपेश माथुर)
निदेशक एवं पदेन संयुक्त शासन सचिव

क्रमांकः– एफ.2 (क) (G–326) अलेसे–I/ 1769–77 दिनांकः– 09-01-24

**प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है –**

1. कोषाधिकारी, प्रतापगढ़।
2. उपकोषालय, धरियावाद (प्रतापगढ़)।
3. अधिशाषी अभियंता, खण्ड सार्वजनिक निर्माण विभाग, धरियावाद (प्रतापगढ़)।
4. अधिशाषी अभियंता, जल संसाधन खण्ड, प्रतापगढ़।
5. श्री गोपाल तेली, सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–I, कार्यालय अधिशाषी अभियंता, जल संसाधन खण्ड, प्रतापगढ़।
6. उप निदेशक (एसीपी) को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु।
7. निजी सचिव, निदेशक महोदय।
8. निजी पत्रावली/गार्ड फाईल।

(राजेन्द्र प्रसाद रैगर)
अतिरिक्त निदेशक (कार्मिक–I)